an>

Title: Regarding problems being faced by the candidates due to fixing of cut off date for reckoning upper age limit by the SSC for its Combined Graduate Level Examination.

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल:** अध्यक्ष महोदया, मैं राÂट्रीय स्तर पर 20 हज़ार छात्रों के भविÂय का मामला उठाना चाहता हूँ। राÂट्रीय स्तर पर कर्मचारी चयन आयोग ने जो परीक्षा के लिए एक कट ऑफ डेट 1 जनवरी, 2015 से बढ़ाकर 1 अगस्त, 2015 की है, उसके कारण देश के 20 हज़ार छात्रों का भविÂय खतरे में है। मैं आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी से कहना चाहता हूँ कि कर्मचारी चयन आयोग ने एक कंबाइंड ग्रैजुएट लैवल के एक्ज़ामिनेशन की बात कही है जिसमें 1 जनवरी, 2015 के कट ऑफ डेट के बजाय 1 अगस्त, 2015 कर दिया गया है। इससे 20 हज़ार परीक्षार्थी उस परीक्षा से वंचित हो रहे हैं। वे छात्र मुझसे मिले थे। मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूँ कि 1 जनवरी, 2015 ही तारीख रखी जाए। यह परीक्षा 2 मई को है और इसमें समय कम है। इसलिए भारत सरकार से मेरा निवेदन है कि इसमें हस्तक्षेप करे ताकि 20 हज़ार छात्रों का भविÂय बच सके।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, डॉ. वीरेन्द्र कुमार, श्री पी.पी.चौधरी एवं श्री अश्विनी कुमार चौबे को श्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा उठाए गए विÂाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।